## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 17.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- विधानसभा में प्रश्नकाल जारी, संशोधनों के साथ आज पेश होगा विश्वविद्यालय विधेयक 2026, भाजपा विधायक ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सदन के बाहर दिया धरना।
- रेल मंत्रालय की देखो अपना देश पहल के तहत धनबाद से खुलेगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन, 28 मार्च से शुरू होगा महाराष्ट्र के ज्योतिर्लिंगों और शिरडी का भक्ति सफर।
- गोड्डा में अंधविश्वास में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या, पुलिस ने तीन संदिग्धों को लिया हिरासत में।
- राज्य के 17 जिलों में आज बारिश का अलर्ट; मौसम विभाग ने तेज हवा के साथ बौछारें पड़ने की जतायी आशंका, 22 मार्च तक नहीं मिलेगी बादलों से राहत।
- रांची में 17वीं राज्य स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का डीजीपी तदाशा मिश्रा ने किया शुभारंभ, राज्य भर के दो हजार से अधिक पुलिस खिलाड़ी ले रहे भाग।

*********************

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज सदन में राज्य के विभिन्न हिस्सों में गहराते पेयजल संकट का मुद्दा जोर–शोर से उठा। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और विधायक हेमलाल मुर्मू ने शून्यकाल के दौरान सरकार का ध्यान खराब पड़े चापाकलों की ओर आकर्षित किया। श्री मरांडी ने कहा कि गर्मी की आहट के साथ ही ग्रामीण इलाकों में पानी के लिए हाहाकार मचने लगा है, लेकिन विभाग द्वारा चापाकलों की मरम्मत में ढिलाई बरती जा रही है।

इन सवालों पर सरकार की ओर से विभागीय मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि इस दिशा में पहल शुरु कर दी गयी है ताकि आम जनता को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े।

*********************

विधानसभा परिसर के बाहर आज उस समय भारी हंगामा देखने को मिला, जब झरिया की विधायक रागिनी सिंह एक निजी अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ धरने पर बैठ गईं। विधायक का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन शव सौंपने के बदले भी परिजनों से पैसों की वसूली करता है।

*********************

रेल मंत्रालय और आईआरसीटीसी की ओर से देखो अपना देश अभियान के तहत आगामी 28 मार्च से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन की शुरुआत की जा रही है। यह विशेष ट्रेन धनबाद से रवाना होगी, जो झारखंड और बिहार के विभिन्न स्टेशनों से होते हुए श्रद्धालुओं को महाराष्ट्र के प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों–त्र्यंबकेश्वर, घृष्णेश्वर और महाकालेश्वर के दर्शन कराएगी। 8 दिनों के इस सफर में यात्रियों को शिरडी साईं बाबा मंदिर, शनि शिंगणापुर और अजंता–एलोरा की गुफाओं के भ्रमण का भी अवसर मिलेगा। आईआरसीटीसी के सहायक महाप्रबंधक मोइनक दत्त ने कोडरमा में पत्रकारों को बताया कि इस पैकेज में होटल में ठहरने, खाने–पीने और साइट–सीइंग के लिए वाहन की व्यवस्था शामिल है।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शिक्षा और पोषण के महत्व पर विशेष जोर दिया। अक्षय पात्र फाउंडेशन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि व्यक्ति के जीवन में अवसर सृजित करने और सफलता का मार्ग प्रशस्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। राष्ट्रपति ने केंद्र सरकार की पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की सराहना करते हुए इसे विश्व की सबसे बड़ी मध्याह्न भोजन पहल बताया।

*********************

पश्चिम एशिया संकट के बीच झारखंड के लिए एक बेहद सुखद और राहत भरी खबर आई है। जमशेदपुर के रहने वाले अंश त्रिपाठी, जो एलपीजी टैंकर जहाज शिवालिक पर सेकंड इंजीनियर के रूप में तैनात हैं, अब सुरक्षित भारत लौट आये हैं। अंश का जहाज दुनिया के सबसे खतरनाक युद्ध क्षेत्र स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के अति–संवेदनशील इलाके में फंसा हुआ था।

*********************

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया का गिरिडीह पहुंचने पर बगोदर और डुमरी में भव्य स्वागत हुआ। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने वैश्विक परिस्थितियों पर अपनी चिंता व्यक्त की। डॉ. तोगड़िया ने कहा कि उनके इस प्रवास का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को जागृत और एकजुट करना है।

*********************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।


*********************

गोड्डा जिले के देवदांड थाना क्षेत्र के डांगा टोला में रात डायन–बिसाही के संदेह में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ एसडीपीओ अशोक रविदास मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है और हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है।

*********************

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक आज दोपहर शून्य दशमलव एक प्रतिशत की गिरावट के साथ कार्य कर रहे थे। ताजा जानकारी मिलने तक सेंसेक्स 57 अंक गिरकर 75 हजार 445 जबकि, निफ्टी 25 अंक गिरकर 23 हजार 385 था।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 46 हजार 7 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 69 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

मौसम विभाग ने 22 मार्च तक राज्य में बादल छाए रहने और मेघ गर्जन के साथ रुक–रुक कर बारिश होने का अनुमान जताया है। आज उत्तर–पश्चिमी जिलों को छोड़कर बाकी सभी 17 जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है।

*********************

रांची के डोरंडा स्थित जैप–वन परेड ग्राउंड में आज से 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने तीन दिवसीय इस खेल उत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न क्षेत्रीय पुलिस इकाइयों, एटीएस, एसीबी, और जगुआर समेत कई विशिष्ट शाखाओं के दो हजार से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 19 मार्च तक चलने वाले इस आयोजन में फुटबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल और योग जैसी कुल 27 स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

*********समाप्त*********